**सुविचार**

आज के डिजिटल दौर में, जब हम हर तरफ से जानकारी से घिरे होते हैं, तब सही और सकारात्मक सोच का महत्व और भी बढ़ जाता है।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 113 ● मुंबई, शनिवार 21 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## चित्तौड़गढ़ जिले में थाना कोतवाली निंबाहेड़ा पुलिस की कार्रवाई

# कोयले में मिलावट कर 42 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ में वण्डर सीमेंट फेक्ट्री मे आने वाले विदेश से आयातित कोयले मे मिलावट कर 41 लाख 90 हजार रूपये की धोखाधडी करने के मामले में आरोपी राणा प्रतिपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी थानगढ़ को कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गुजरात के सुरेन्द्र नगर जिले में थानगढ़ स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर जोशी के अनुसार 08 जुलाई को प्रमोद कुमार चौधरी उर्फ प्रभुराम निवासी पूजानगर निम्बाहेडा ने रिपोर्ट देकर बताया कि सामा इन्टरप्राईजेज कस्बा थानगढ़ जिला सुरेन्द्रनगर गुजरात के मालिक ईस्माईल भाई व प्रतिनिधि प्रतिपाल सिंह ने काण्डला बदंरगाह मे इम्पोर्ट विदेशी कोयले में निम्न गुणवता का कोयला मिक्स कर उनकी कम्पनी ओमश्री कार्गो निम्बाहेडा को आर्थिक नुकसान पहुंचा साख गिराने का काम किया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की गिरफतारी के लिए एएसपी सरिता सिंह, डीएसपी बद्री लाल राव के निर्देशन व थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर के सुपरविजन मे सहायक उप निरीक्षक सूरज कुमार व कांस्टेबल देवेन्द्र व विरेन्द्र द्वारा आरोपित ईस्माईल भाई व उसके प्रतिनिधि प्रतिपाल सिंह की तलाश के लिए लगातार पांच दिन तक आरोपी की लोकेशन के आधार पर जामनगर, राजकोट, काण्डला, मोरबी गुजरात मे तलाश की। आरोपी प्रतिपाल सिंह लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा, अपना फोन बंद कर अन्य फोन या दोस्तों के फोन प्रयोग मे ले रहा था। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने साइबर सेल के हैड कांस्टेबल राजकुमार की सहायता से आरोपी को थानगढ स्थित उसके घर से गिरफतार किया गया। मामले मे शेष बचे आरोपी सामा इन्टरप्राईजेज के मालिक ईस्माईल भाई की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि काण्डला बदंरगाह मे विदेशों से इम्पोर्ट कोयले को मोरबी गुजरात मे लाकर वे इस प्रकार का निम्न गुणवता का कोयला मिक्स कर देते है, जिससे मालूम म नही पड़े कि कोयला असली है या नकली। बाद में चोरी की उच्च गुणवत्ता की कोयले को मोटी रकम पर फ़ैक्टरियों को सप्लाई कर दिया जाता था।



## खबर संक्षेप

### अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में ध्यान सत्र का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में एक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। यह सत्र निगम मुख्यालय, कॉर्पोरेट ऑफिस बिल्डिंग, पंचशील नगर, अजमेर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया था। इस सत्र का आयोजन अजमेर सहज योग परिवार और उनकी टीम द्वारा किया गया था। सत्र का मुख्य उद्देश्य सहज योग की अद्वितीय ध्यान प्रणाली पर केंद्रित रहा, जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन प्रदान करती है। प्रबंध निदेशक के पी वर्मा ने कहा कि आप सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस तरह के आयोजन अजमेर विद्युत वितरण निगम करवाता रहता है। इस अवसर पर, जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित इस ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। इस सत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और सहज योग की अद्वितीय ध्यान प्रणाली का अनुभव किया।

### ग्रामीण स्वच्छता के स्थायित्व हेतु प्रशिक्षण का आयोजन



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले के गांवों को ओडीएफ प्लस की उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के लिए शुक्रवार को सेलिब्रेशन होटल में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निदेशालय स्वच्छ भारत मिशन, यूनिसेफ राजस्थान और एसीई संस्था के सहयोग से हुआ।प्रशिक्षण में स्वच्छता के सात प्रमुख घटकों, ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों, सफाई-कर्मियों की सुरक्षा एवं सम्मान, और तकनीकी समाधान पर 55 प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी सत्र में समस्याओं और समाधानों पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में, यूनिसेफ और एसीई संस्था ग्रामीण स्वच्छता को स्थायी बनाने के प्रयास कर रहे हैं।प्रशिक्षण में जिला परिषद अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, यूनिसेफ से आशीष शर्मा, अनिरुद्ध खन्ना एसीइ संस्था से गिरिराज जडेजा एवं सुधांशु पांडे एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन- (ग्रामीण) टीम ने भाग लिया।

### ग्राम पंचायत जेथलिया का यूनिसेफ और राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** यूनिसेफ और राज्य स्तरीय टीम द्वारा शुक्रवार को पीपलखूंट की मॉडल ग्राम पंचायत जेथलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान टीम द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था और ग्राम पंचायत द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने ग्राम पंचायत की विभिन्न व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जिसमें कचरा प्रबंधन, कचरे के पृथक्करण और निस्तारण की समीक्षा की। यूनिसेफ और राज्य स्तरीय टीम ने जेथलिया पंचायत के प्रयासों की सराहना कर मार्गदर्शन किया।

### डबोक एयरपोर्ट पर राज्यपाल बागड़े का किया स्वागत



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** डबोक एयरपोर्ट पर माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े का स्वागत करते एमएलएसयू की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा व एमपीयुएटी कुलपति अजीतकुमार कर्नाटक।

## संभाग स्तरीय सुथार खेल महोत्सव 16 बैठक 2024 की समीक्षा बैठक संपन्न

● पदमावत मीडिया

संवाददाता ईश्वर लाल सुथार

**सलूंबर।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर के खेल मैदान में आज 16 बैठक सुथार खेल महोत्सव के आगामी आयोजन को लेकर ओर तैयारियों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को 16 बैठक के प्रतिनिधियों और स्थानीय समाज के लोगों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें संभाग अध्यक्ष शंकरलाल सुथार माकाडसीमा ने बताया कि सलूंबर जिले में सुथार समाज का सबसे बड़ा दूसरा खेल महोत्सव आयोजित होने जा रहा हे। जिसमें आगामी 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 16 बैठक के 2 से 3 हजार प्रतिभागी भाग लेने वाले हे और साथ ही दक्षिण राजस्थान का सबसे बड़ा सामाजिक आयोजन हाडा रानी की पवित्र धरा सलूंबर में आयोजित होने जा रहा हे ।



जिसमें हजारों की तादाद में समाजजनों के आने की संभावना हे साथ ही विभिन्न खेल क्रिकेट, बॉलीबॉल, खो खो, शतरंज, रस्साकस्सी, कबड्डी, बैडमिंटन, भाला फेक, केरम, के साथ साथ सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जा रहा हे। जिसमें 25 दिसंबर को उद्घाटन समारोह, 26 दिसंबर को सांस्कृतिक संध्या, 27 दिसंबर शाम को भव्य भजन संध्या, 28 दिसंबर को कवि सम्मेलन, 29 दिसंबर को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। 29 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया हे जिसमें 100 से ज्यादा यूनिट रक्तदान की संभावना हे। साथ ही बाहर से पधारने वाले मेहमानों के लिए उचित ठहरने की व्यवस्था ओर भोजन और अल्पाहार की भी समस्त व्यवस्था बनी रहेगी। साथ ही आयोजन समिति ने समस्त यूवाओ से अनुरोध किया हे कि आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग करे।आयोजन में पूर्व अध्यक्ष और 16 बैठक के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## 21 दिसम्बर को सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर होंगे शिविर

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का शिविर 21 दिसम्बर, शनिवार को ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जायेगा। इस संदर्भ में जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने आदेश जारी कर उपखण्ड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और समस्त जिला व ब्लॉक स्तरिय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शिविर के दौरान पूर्व से प्राप्त किये गए राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, दैनिक जनसुनवाई, ग्राम पंचायत के साथ ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने शिविर में विभागीय योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित कराने और राजस्थान में लोक सेवाओं को प्रदान करने की गारन्टी अधिनियम में प्राप्त समस्त आवेदनों का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए है।

## लेकसिटी में 22 दिसंबर को होगा उदयपुर चिल्ड्रन बिजनेस फेयर 2024

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** लेकसिटी में बच्चों के बीच करुणा, दया, और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उदयपुर चिल्ड्रन बिजनेस फेयर 2024 का आयोजन 22 दिसंबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 ओक, उदयपुर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की आयोजक काश्वी मुर्डिया ने कहा की यह मेला न केवल बच्चों की उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि समाज में करुणा और दया के महत्व को भी उजागर करेगा। हमारा उद्देश्य बच्चों को उनके विचारों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है।

### कार्यक्रम की अनोखी विशेषताएं

यह मेला बच्चों द्वारा आयोजित और उन्हीं के द्वारा संचालित होगा। इसमें बच्चे अपने व्यावसायिक कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। इस बार मेले का एक मुख्य उद्देश्य संकल्प नामक पुनर्वास और प्रशिक्षण केंद्र के लिए समर्थन जुटाना है, जो बहु-विकलांग बच्चों की मदद करता है।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

इस मेले का उद्देश्य बच्चों में व्यवसायिक कौशल और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से बच्चों में सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह मेला बहु-विकलांग बच्चों के पुनर्वास और उनके जीवन में सुधार के लिए धन और जागरूकता जुटाने का एक प्रयास है।

### मेले की झलकियां

मेले में बच्चों द्वारा व्यवसायिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां वे अपने रचनात्मक और व्यावसायिक विचारों को प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जादूगर और अन्य कलाकारों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही, बच्चे करुणा और दया जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे, जो सामाजिक समावेशन और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास होगा।

## बी.एन. शिक्षा संकाय में खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सप्ताह का समापन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शिक्षा संकाय भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में शैक्षणिक गतिविधियों के तहत खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन किया गया। शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशि चित्तौड़ ने बताया कि इस सप्ताह में विभिन्न खेलों यथा कुर्सी रेस, चम्मच रेस,100 मीटर रेस, भाला तथा गोला फेक, क्रिकेट, शतरंज तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे एकल नृत्य,समूह नृत्य, एकल गान, समूह गान, वाद विवाद तथा आशु भाषण का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विजित रहे प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। समस्त कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य डॉ. सीमा



शर्मा, डॉ. खुशबू कुमावत, डॉ.नंदकिशोर शर्मा, डॉ अजय पाल सिंह चुंडावत तथा जयपाल झाला ने छात्रों को अनुशासित किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान प्रदान की गई जिम्मेदारियां का निर्वाह किया। शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह के सफल आयोजन के लिए कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत कार्यवाहक अध्यक्ष विद्या प्रचारिणी सभा, प्रो. महेंद्र सिंह आगरिया मंत्री, मोहब्बत सिंह राठौड़ प्रबंध निदेशक तथा डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ कुलसचिव भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण प्रमुख ने की ग्रीन बचपन अभियान की शुरुआत

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर यात्रा के दौरान उनके साथ आए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के छठे प्रमुख और वैश्विक नेता एरिक सोलहेम ने श्री कल्पतरु संस्थान के ग्रीन बचपन अभियान की शुरुआत की ! प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता उमा व्यास ने बताया कि अभियान के माध्यम से 5 से 12 वर्ष के बालक बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जा रहा है! इसके अंतर्गत अब तक अमेरिका जापान रूस ब्राजील नेपाल श्रीलंका नॉर्वे जर्मनी सहित अनेक देशों के छोटे बच्चे जुड़ चुके हैं! अभियान के पोस्टर का विमोचन कर एरिक सोलहेम ने कहा की




भविष्य में आने वाले जलवायु हमलों से निपटने के लिए बच्चों में पर्यावरण संरक्षण का संस्कार देना अत्यंत आवश्यक है ! इस खास मौके पर एरिक के बेटे एक्सेल भी भारत यात्रा पर थे ! बता दें कि पांच वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता विवेन पारीक को अभियान की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है! गौरतलब है कि जयपुर शेयरिंग फेस्टिवल की सफलता पर एरिक ने पूर्व में भी सामाजिक कार्यकर्ता उमा व्यास के नाम वीडियो संदेश जारी कर हौसला अफ़ज़ाई की थी ! उमा व्यास अब तक बाइस हज़ार से अधिक पौधे लगाकर संरक्षित कर चुकी है ! जिसके लिए हाल ही में राज्यपाल ने भी उन्हें सम्मानित किया है!

## इण्डोनेशिया के बाली में स्थानीय दल ने किया अनूठा सांस्कृतिक प्रदर्शन

# जैन जागृति सेंटर के 50 सदस्यों का दल बाली यात्रा से उदयपुर के लिए प्रस्थान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सामाजिक संस्था जैन जागृति सेंटर उदयपुर (जेजेसी) का आठ दिवसीय बाली यात्रा दल संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के नेतृत्व में सांस्कृतिक, पर्यटन और व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति के साथ 13 दिसंबर को बाली, इंडोनेशिया के लिए प्रस्थान किया। यह दल अब सफल यात्रा पूर्ण कर देर रात्रि उदयपुर लौटेगा। फत्तावत ने इसे एक सफल और प्रेरणादायक यात्रा बताते हुए कहा कि यह अनुभव सभी सदस्यों के लिए सांस्कृतिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत दृष्टि से लाभदायक सिद्ध हुआ है। उदयपुर से गए दल ने बाली में सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर के संरक्षण एवं विकास पर चर्चा कर हिन्दू संस्कृति एवं धार्मिक मंदिरों का अवलोकन कर सनातन संस्कृति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जेजेसी अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा व महामंत्री नितिन लोढ़ा ने बताया कि



इस यात्रा में बाली के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, सांस्कृतिक आयोजन और सनातन संस्कृति के विचारों का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान तनाह लोट मंदिर, पुरा उलुवातु, गरुड़ विष्णु की विशाल प्रतिमा, उबूद पैलेस और सक्रिय ज्वालामुखी माउंट बटूर जैसे दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया गया। यात्रा में रोमांचक गतिविधियों जैसे रिवर राफ्टिंग, एटीवी राइड, बनाना बोट राइड, सर्फिंग, पैरासेलिंग और जेट स्की का भी भरपूर आनंद लिया गया। दल ने बाली के गलुंगन और कुनिंगन उत्सव में स्थानीय संस्कृति को नजदीक से देखा, जहां बाली के लोग पारंपरिक परिधानों में सजे हुए स्वागत में प्रस्तुत हुए। इस यात्रा में व्यापारिक संभावनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापारिक आदान-प्रदान की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। यात्रा दल में पूर्व अध्यक्ष महेंद्र तलेसरा, प्रोफेसर शोभना चौधरी, खनन व्यवसायी दिलीप खेरोदिया, हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी संजय श्रीमाल, भू व्यवसायी निर्मल जैन, मार्बल व्यवसायी हंसराज सेठिया और अनिल जैन समेत कई प्रमुख सदस्य शामिल रहे।

## बी एन में टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024-25 के अंतर्गत खेलकूद गतिविधियों का शुभांरभ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा द बाइटकोन नेक्सस टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024-25 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं का द्वितीय दिवस खेलकूद गतिविधियों के नाम रहा। विभागाध्यक्ष डॉ खातून आफ़ताब कत्था वाला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में भारतीय पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया जो वर्तमान में लुप्त हो रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करती है। सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं डॉ प्रियंका शक्तावत एवं लेफ्टिनेंट शैलजा राणावत के मार्गदर्शन में आयोजित हुई तथा कार्तिक जोशी ने सभी प्रतियोगिताओं को पूर्ण करवाने में अपना अभिन्न सहयोग प्रदान किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में यशपाल सिंह, माही भटनागर, अलीना शेख, महिमा सैनी प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ रेनू राठौड़, डॉ संगीता राठौड़ ,डॉ विवेक चपलोत, डॉ राजेश सोनी, डॉ महिपाल सिंह देवड़ा,डॉ निशा तंवर ,डॉ हरिओम सिंह राणावतआदि ने उपस्थित रहकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## सार समाचार

### उदयपुर में संगीत संग्रहालय बनाने के लिए माधवानी ने दिया मुख्यमंत्री को सुझाव



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान बजट 2024-25 के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मांगे गए सुझावों के तहत शहर के कलाप्रेमी एवं सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने शहर में भारतीय संगीत की परंपरा और विविधता को सहेजने के लिए संगीत संग्रहालय स्थापित करने का सुझाव दिया है। मुकेश माधवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रेषित सुझाव में बताता है कि उदयपुर में एक संगीत संग्रहालय बनाया जाए । जिसमें संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन, पुस्तकालय, डिजिटल संग्रह, कार्यशालाओं और महोत्सवों का आयोजन होगा। यह न केवल पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण होगा बल्कि स्थानीय कलाकारों को रोजगार भी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह संग्रहालय उदयपुर के सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान देगा।

### नारायण लाल भोई जिलाध्यक्ष मनोनीत



पदमावत मीडिया
संवाददाता ईश्वर लाल सुथार

**सलूंबर।** राजस्थान प्रदेश माली सेनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सलूंबर निवासी नारायण लाल भोई को सलूंबर जिलाध्यक्ष घोषित किया हे। गहलोत का कहना हे कि नारायणलाल भोई सामाजिक गतिविधियों ओर संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और लगनशीलता को देखते हुए सलूंबर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया हे।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बालिकाओं को दी साइकिल



पदमावत मीडिया

**कोटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांदा में आयोजित एक सादे समारोह में प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंज मंडी के विधायक मदन दिलावर ने 12 छात्राओं को साइकिल भेंट की। स्कूल की प्रिंसिपल अरांता मीणा ने बच्चों राज्य सरकार द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ये साइकिल शैक्षिक सत्र 24-25 की पात्र छात्राओं को दी गई। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस विद्यालय के विकास में हमारी तरफ से कोई कमी नहीं रहेगी। अभी 30 लाख रुपए की लागत से 4 कमरों का निर्माण हो रहा है। आगे भी विद्यालय की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बालिकाओं के लिए राज्य सरकार हर तरह की सुविधाएं प्रदान कर रही है। ताकि बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने में कोई समस्या ना हो। उन्होंने अपील की कि बच्चियों को खूब पढ़ाए। एक भी बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिए।

### मेवाड़ जनशक्ति दल ने किए निःशुल्क स्वेटर वितरण



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवाड़ जन शक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मेवाड़ जनशक्ति दल के संभाग उपाध्यक्ष मोतीलाल शर्मा ने बताया कि पिलादर पंचायत की कालबेलिया बस्ती में भामाशाह के सहयोग से धर्मेंद्र चौबीसा व ग्रामवासियों ने लंबा वाली स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। जिसमें निम्न पंचायत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे वार्ड पंच कमल मीणा शंकर मीणा दलजी मीणा लक्ष्मण मीणा मांगीलाल मीणा स्थानीय स्कूल की अध्यापिकाएं, मोतीलाल शर्मा, मांगीलाल जैन पिलादर की उपस्थिति में स्वेटर वितरित किए गए। यह जानकारी संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने दी।

# पैडल-टू-जंगल के आठवें संस्करण का भव्य आगाज

## उदयपुर में रश ऑवर राईड को राजपालसिंह शेखावत ने दिखाई हरी झंडी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन पीपल सोसाइटी, वन विभाग, पर्यटन विभाग एवं विश्व प्रकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वावधान में पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण का आगाज शुक्रवार को फतेहसागर की पाल से हुआ। इस दौरान देश के ख्यातनाम वन्यजीव विशेषज्ञ, राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य और एनटीसीए के पूर्व सदस्य राजपालसिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस रोमांचक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में शेखावत ने वागड़-मेवाड़ को नैसर्गिक संपदा से समृद्ध बताया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से इस समृद्ध विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने सभी साइकिल यात्रियों से चर्चा की और अपने अनुभवों को संकलित करने का आह्वान किया। आरंभ में ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पैडल टू जंगल के तहत संभागियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया। हरी झंडी दिखाने के बाद सभी साइकिल यात्री देवाली छोर से साइकिलों के माध्यम से रवाना हुए और फतेहसागर और शहर के प्रमुख स्थानों का राउंड लगाते हुए पुनः फतेहसागर पाल के ओवरफ्लों छोर पहुंचे। यहां पर अतिथियों ने अणुव्रत समिति की ओर से 50 इको फ्रेंडली कैरी बैग्स, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की तरफ से कैप्स व टीशर्ट तथा गुड्डी बैग्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह चौहान, रिटायर्ड सीसीएफ आईपीएस मथारू, डीएफओ मुकेश सैनी, प्रतापसिंह चूंडावत, ओपी शर्मा, सोहेल मजबूर, वीएस राणा, शरद श्रीवास्तव, इंद्रजीत माथुर, डॉ.ललित जोशी, अरूण सोनी, अणुव्रत समिति की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन, मंत्री कुंदन भटेवरा, करण सिंह कटारिया, शशि मेहता, केएस नलवाया आदि मौजूद रहे।

यह रहेगा दो दिवसीय कार्यक्रम ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे साईकिल यात्रियों को मेवाड़-वागड़ क्षेत्र की अरावली की हसीन वादियों के साथ प्राकृतिक व रमणीय स्थलों पर रात्रि विश्राम कराया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफर बांसवाड़ा जिले की घाटोल रेंज के देलवाड़ा फॉरेस्ट नाका से शुरू होगा जहां मुख्य अतिथि बांसवाड़ा के पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला एवं बांसवाड़ा के मुख्य वन संरक्षक अभिषेक शर्मा जंगल की इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। तीसरे दिन 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे माही डेम छोर पर स्थित चाचाकोटा में सेवानिवृत आईएएस विक्रम सिंह एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा प्रतिभागियों से चर्चा कर इस सफर को आगे के लिए रवाना करेंगे। कार्यक्रम का समापन समारोह व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण बांसवाड़ा के श्यामपुरा फॉरेस्ट ब्लॉक में होगा। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि आईजी श्रीमती एस परिमला, बांसवाड़ा जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव एवं सीसीएफ उदयपुर सुनील छेत्री होंगे वहीं पूर्व राजपरिवार सदस्य जगमाल सिंह भी मौजूद रहेंगे।

## नोहरे की छत भराई का कार्य हुआ पूर्ण, समाजजनों ने किया अवलोकन

# नोहरे के विकास कार्य के लिए उदयपुर में प्रवासरत समाजजनों ने बढ़ाया हाथ



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण औदिच्य समाज ट्रस्ट की ओर से उदयपुर जिले के पाणुन्द लक्ष्मीनारायण चौक स्थित औदिच्य समाज के नोहरे का जिर्णोद्वार का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। औदिच्य समाज पाणुन्द बैठक के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल औदिच्य ने बताया कि समाज के नोहरे कार्य को मूर्त रूप देने के लिए गांव से पंचगण उदयपुर आए और नोहरे के विकास कार्य के लिए गांव के विशिष्टजनों से अर्थ सहयोग एकत्र कर समाज के नोहरे का कायाकल्प व स्वरूप बदलने का बिड़ा उठाया है। ट्रस्ट के महामंत्री तुलसीराम डूंगावत ने बताया कि जिणोद्वार कार्य को लेकर शुक्रवार को औदिच्य समाज के नोहरे की छत भराई का कार्य करवाया गया।

नोहरे को भव्य रूप देने के लिए समाज के भामाशाह आगे आ रहे है। जिसमें पुरोहितों की मादडी क्षेत्र, हिरण मगरी सेक्टर 5, सेक्टर 3, सवीना, अशोकनगर, मण्डी, देबारी, आयड़ आदिह्य क्षेत्रों में रहने वाले समाजजनों ने आर्थिक सहयोग किया।

# उदयपुर डाइट की वार्षिक पत्रिका प्रकाशन के लिए रचनाएं आमंत्रित




पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर की वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन संस्थान के आईएफआईसी प्रभाग द्वारा सत्र-2024-25 में किया जा रहा है। जिसमें प्रकाशनार्थ शिक्षा जगत से जुड़े सभी शिक्षाविदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विविध विषयों, विधाओं एवं शैक्षिक नवाचारों से संबंधित रचनाएं आमंत्रित की जा रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर के प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार संस्थान के आईएफआईसी प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी व प्रभारी अमृता जोशी के संपादन मंडल में प्रकाशित होने वाली इस वार्षिक पत्रिका के लिए जो भी सृजनशील रचनाकार अपनी मौलिक रचनाएं प्रकाशनार्थ भेजना चाहे वे कागज के एक तरफ हांसिया छोड़ कर टंकित या हाथ से लिखी रचनाएं डाइट, उदयपुर के पते पर डाक या ईमेल पर 31 दिसंबर तक भिजवा सकते हैं। डाइट द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आलेख, कविता, गजल, मुक्तक, शिक्षाप्रद कहानियाँ, स्थानीय लोक कथाएँ एवं विद्यार्थी कल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफल हुए छात्रों की सक्सेस स्टोरी के साथ ही विद्यालयों में अपनाए जा रहे नवाचारों को भी लिपिबद्ध कर वार्षिक पत्रिका में प्रकाशन के लिए भेज सकेंगे। रचनाओं के प्रकाशन का निर्णय संपादक मंडल द्वारा लिया जाएगा, जो अंतिम होगा। रचना प्रकाशित होने पर रचनाकार को पत्रिका की प्रति प्रेषित की जाएगी। वाट्सएप आदि पर प्राप्त रचनाएं स्वीकार्य नहीं होगी।

## धार पुलिस द्वारा सिकलीगर समुदाय के खिलाफ की जा रही लगातार कार्रवाई

# अब तक 12 अवैध फैक्ट्रियां ध्वस्त, 22 प्रकरणों में 58 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार





पदमावत मीडिया

**भोपाल/धार।** धार पुलिस द्वारा अवैध हथियार निर्माण और बिक्री करने वाले सिकलीगरों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। इसी कार्रवाही के दौरान अब तक धार पुलिस ने 12 फैक्ट्रियां पर दबिश दी है। दबिश के दौरान अलग-अलग प्रकरणों में 58 आरोपियों को गिरफ्तार कर 611 अवैध फायर आर्म्स और 111 जिंदा कारतूस जब्त किए है। पुलिस ने सिर्फ हथियार बरामदगी तक सीमित न रहते हुए आदतन अपराधियों के विरुद्ध और रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) जैसी सख्त धाराओं में कार्रवाही की है। साथ ही, पुलिस अपराध में लिप्त लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी प्रयासरत है। साथ ही, पुलिस द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समुदाय के लोगों को अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इस तरह की पहल न केवल अपराधों पर लगाम लगाएगी, बल्कि समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.12.2024 को पुलिस ने हथियार (पिस्टल, देशी कट्टे व कारतुस) बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश देकर 15 देशी 12 बोर के कट्टे, 06 अधबनी पिस्टल, 02 मैग्जीन, दो जिन्दा कारतूस और हथियार निर्माण के भारी मात्रा में उपकरण जप्त किये हैं तथा तीन सिकलीगर राहुल पंजाबी पिता किशोर पंजाबी जाति सिकलीगर उम्र 31 साल निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर, जगतसिंह पिता शेवासिंह भाटिया उम्र 32 साल निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर तथा अजय पिता भगतसिंह जाति सिकलीगर उम्र 20 साल निवासी सिकलीगर मोहल्ला बाकानेर थाना मनावर जिला धार को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस संगठित अपराध से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। धार पुलिस का यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहायक है, बल्कि समाज में अवैध हथियारों के प्रसार को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सफलता की कहानी

# प्रशासन गांवों के ओर शिविर में पेंशन का हुआ सत्यापन



पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों में प्रशासन गांवों की ओर शिविरों का आयोजन कर प्रदेशवासियों के लिए सुकूनदायी पहल सिद्ध हो रहे है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में शिकायतों के निवारण और सेवा प्रदायगी को ओर बेहतर बनाने के उद्धेश्य से आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रहें है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सलूंबर जिले में प्रशासन गांवों की ओर शिविरों का लाभ अधिक से अधिक ग्रामवासियों को मिले तथा आम जन समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर विकास के आयामों से लाभान्वित हो सके। आम ग्रामीणों के लिए ये शिविर विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी पाने के साथ ही समस्याओं से मुक्ति दिलाने की दिशा में सार्थक सिद्ध हो रहे हैं। सराडा पंचायत समिति में आयोजित प्रशासन गांवों की ओर ब्लॉक स्तरीय शिविर में ग्राम पंचायत ढेलाई के ग्राम बनाल निवासी श्रीमती धुली देवी/ स्व. शंकर मीणा ने परिवाद दर्ज करवाया कि उन्हें व उनके परिवार को 2 साल से विधवा पेशन रुकी हुई है व अन्य योजनाओ का लाभ नही मिल रहा था तो इस शिविर में आकार उसने अपनी परेशानी बताई । जिस पर उसके आवेदन की जांच कर मौके पर ही रुकी हुई विधवा पेंशन को हाथों हाथ चालू करवाया गया और अन्य सभी लाभ दिलवाया गया साथ ही रुकी हुई विधवा पेंशन का लाभ पाकर धुली देवी की खुशी से आखें नम हो उठी ओर बोली की इस शिविर ने तो मेरी जिन्दगी के सफर को आसान कर दिया मेरे लिये यह शिविर किसी वरदान से कम नही है।

## जन सुनवाई में डीजीपी ने दिये थे त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# राजगढ़ पुलिस की तत्परता से सुनीता की 30 घंटे में ही सुरक्षित घर वापसी



पदमावत मीडिया

**भोपाल।** मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा द्वारा राजगढ़ एसपी को दूरभाष पर दिए गए निर्देश के परिणाम स्वरूप सुनीता की सकुशल घर वापसी हो गई है। उल्लेखनीय है कि जब सुनीता (नाम बदला हुआ) अचानक घर से लापता हो गई, तो उसके माता-पिता के दिलों में घबराहट और डर का माहौल था। वे अपनी बेटी की खोज में हर संभव प्रयास कर चुके थे, लेकिन फिर भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद उन्होंने राज्य स्तर पर डीजीपी द्वारा शुरू किए गए जन सुनवाई कार्यक्रम का में अपनी शिकायत पुलिस महानिदेशक के समक्ष रखी। डीजीपी श्री मकवाणा ने आवेदक की उपस्थिति में ही एसपी राजगढ़ से दूरभाष पर चर्चा कर त्वरित कार्रवाई को निर्देशित किया गया। डीजीपी के दिशा-निर्देश में पुलिस ने इसे एक प्राथमिकता के रूप में लिया। पुलिस के अधिकारियों की एक समर्पित टीम ने दो राज्यों में फैले इस मामले की जांच शुरू की। यह एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य था, क्योंकि आरोपित, देव करन ( नाम परिवर्तित) को पकड़ने के लिए पुलिस को 2400 किलोमीटर से अधिक उसका पीछा करके उसको भनक लगे बिना अपहर्ता को सकुशल लाना था। पुलिस ने दिन-रात काम किया, डेटा का विश्लेषण किया और संदिग्धों से पूछताछ की। पुलिस के तकनीकी विशेषज्ञों और जमीनी टीमों ने मिलकर इस मामले की तेजी से जाँच की। केवल 30 घंटे के भीतर पुलिस ने सुनीता को सुरक्षित ढूँढ लिया और उसे उसके माता-पिता से मिलवाया। सुनीता के माता-पिता का आभार और राहत देखने योग्य था, और उनकी आँखों में आंसू थे ङ्क लेकिन ये आंसू खुशी और राहत के थे।आरोपित देव करन को गिरफ्तार कर लिया गया, और न्याय की प्रक्रिया शुरू हुई। पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि डीजीपी के जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत जब पुलिस और जनता मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी समस्या हल हो सकती है। यह एक सफलता दिखाती है कि अगर पुलिस का नेतृत्व मजबूत हो और लोगों को अपनी समस्याएँ साझा करने का सही मंच मिले, तो समाज में न्याय और सुरक्षा की भावना मजबूत की जा सकती है। यह घटना जन सुनवाई कार्यक्रम की सफलता को उजागर करती है, और यह हमें यह सिखाती है कि जब समाज, पुलिस और परिवार एकजुट होते हैं, तो हर चुनौती को पार किया जा सकता है। राजगढ़ पुलिस की 30 घंटे में की गई त्वरित कार्रवाई इस बात का उदाहरण है कि तकनीकी कौशल, टीमवर्क और मानवीय संवेदनाओं का समावेश पुलिस के कामकाज में कितना महत्वपूर्ण है। सुनीता के माता-पिता की राहत और खुशी ने यह संदेश दिया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय होने पर, न्याय और सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूती मिलती है।

# शोध पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विद्या भवन गो. से. शिक्षक महाविद्यालय में शिक्षा में गुणात्मक अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् प्रो. एम.पी. शर्मा ने कहा कि समस्याओं को दूर करने और समस्याएं नहीं है तो नयापन लाने के लिए अनुसंधान करना होता है। जो नवाचार करता है वही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे शोध और नया चिंतन स्कूलों अध्यापकों और अभिभावकों तक पहुंचना चाहिए। प्रो. शर्मा ने कहा कि अनुसंधान में गुणवत्ता तभी आएगी जब हम उस पर ईमानदारी से काम करेंगे। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् प्रो. दिव्य प्रभा नागर ने कहा कि हमारे शोध खानापूर्ति ना बनें इसका विशेष प्रयास करना चाहिए। शोधार्थी जब तक शोध की मानसिकता बनाकर नहीं जुड़ेगा तब तक शोध की सार्थकता नहीं होगी। हमारे शोध केवल उपाधि के लिए ना होकर शैक्षिक उन्नयन के उद्देश्य से किए जाए यह अधिक महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान ने बताया कि पहले दिन प्रथम सत्र में प्रो. पीसी जैन ने शोध में गुणात्मक अनुसंधान एवं विभिन्न विधियों पर अंतःक्रिया पर चर्चा करते हुए सामाजिक अनुसंधान को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया। दूसरे सत्र में प्रो. संजय लोढ़ा ने शोध में आंकड़ों और सूचनाओं को एकत्र करने के बारे में प्रश्नावली के माध्यम से चर्चा की।

## नन्हे-मुन्हे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

# विट्टी इंटरनेशनल स्कूल ने अपना 16वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** संगीत का मिलन है यहाँ सजीव, नृत्य की हँसी भरी है सदा । इसी भावना के साथ विट्टी इंटरनेशनल स्कूल उदयपुर ने अपना सोलहवाँ वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी जनरल मैनेजर टाटा मोटर्स के तुषार महेन्दिरता, ताज अरावली रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर अमित सिंह, दिव्या सिंह ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका प्रीति सोगानी, सीनियर प्रधानाचार्य बिजो कुरियन, सी. आई .ई प्रधानाचार्या दीपा चक्रवर्ती , सी.आई.ई .एच एम.अर्चना पुंडीर, प्रबंधक समन्वयक प्रिया शाह, विट्टी वर्ल्ड की सेंटर हेड मेगा पारिख आदि ने णमोकार मंत्र, सरस्वती




वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियों पर छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में साल भर में विद्यालय में होने वाले शैक्षणिक और सह पाठयक्रम गतिविधियों में विभिन्न स्तरों पर आगे आने वाले छात्रों व विद्यालय का आकर्षक प्रतिबिंब अभिभावकों के सामने विट्टी न्यूज़ के रूप में प्रस्तुत किया गया।

अगली पीढ़ी के दूरदर्शी कल की विरासत का निर्माण थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक स्वागत गीत, कई आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ - टेक्नो कम्युनिकेशन, ड्रीमर जर्नी, टीम वर्क, फ्यूजन् डांस , वुमन एम्पोवेमेंट ,रेट्रो तु मेट्रो शामिल थी , जो अपने ऊर्जावान और पैर थिरकाने वाले मूव्स में रंगों और जीवंतता से भरी थी। सीनियर प्रिंसिपल बिजो कुरियन ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति वहाँ की शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि विट्टी इंटरनेशनल स्कूल एक ऐसा स्कूल है जहाँ के छात्र पढ़ाई के अलावा खेल और सांस्कृतिक पहलुओं जैसे सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानाचार्य जी ने अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में पूरा विट्टी प्रांगण तालियों की गडग़ड़ाहट से गूँज उठा जब विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्रा एक साथ कदम से कदम मिलाकर एक लय व एक ताल में खुले आकाश के नीचे सितारों की तरह जगमगाते हुए नृत्य प्रस्तुत करते हुए एकता का संदेश दे रहे थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।